इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

शिक्षा विद्यापीठ

स्नातकोत्तर कला (शिक्षा) एम.ए.ई.डी.यू.

प्रथम वर्ष

नियतकार्य – जनवरी और जुलाई 2025

कृप्या ध्यान दें :

अ) नियतकार्यों के प्रत्युत्तर (ए आर) अपने कार्यक्रम अध्ययन केन्द्र के कार्यक्रम प्रभारी के पास स्वयं जमा कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं।

ब) आप को अपने स्वयं के हित में सभी नियतकार्यों की एक–एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए।

एम.ई.एस.–011 शिक्षा की समझ

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर राजनीतिक व्यवस्था के प्रभाव का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

(कृ.पृ.उ.)

2. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के संसाधनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

3. प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण (यू.ई.ई.) के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में किये गये विविध प्रयासों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

एम.ई.एस.–012 : शिक्षाः प्रकृति और प्रयोजन

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिएः

1. शिक्षा को किस प्रकार सामाजीकरण की एक प्रक्रिया के रूप में और नवीन अधिगम अनुभवों के निर्माण की प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया जा सकता है? परिचर्चा कीजिए।

2. उपनिषदों के अनुसार मानव व्यक्तित्व के पंच कोशों का क्रमिक विकास किस प्रकार शिक्षा के उद्देश्यों को संघटित करता है? परिचर्चा कीजिए।

3. रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और श्री अरबिन्द घोष द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए। उनके शिक्षा के उद्देश्यों में समानताएं और भिन्नताएं ज्ञात कीजिए।

एम.ई.एस.–013 : अधिगम, अधिगमकर्ता एवं विकास

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिएः

1. अधिगम के संज्ञानात्मक–क्षेत्र सिद्धान्त (काग्निटिव फील्ड थियरी) की परिचर्चा कीजिए।

2. बच्चे किस प्रकार अभिवृत्तियों और मूल्यों को सीखते है?

3. अपनी विषय सुविज्ञता के अनुसार एक विद्यालय पाठ्यपुस्तक का चयन कीजिए और निम्नलिखित के सन्दर्भ में विषयवस्तु का विश्लेषण कीजिए:
   अ) उस स्तर पर विषय–शिक्षण के क्या उद्देश्य हैं?
   ब) क्या उस स्तर पर विषयवस्तु विषय–शिक्षण के उद्देश्यों को दर्शाती है?
   स) क्या उस स्तर पर विषयवस्तु का कठिनाई स्तर शिक्षार्थियों की संज्ञानात्मक योग्यता के अनुसार है? विभिन्न योग्यता समूहों को शामिल करने के लिए आप अपने शिक्षण क्रियाकलापों में समायोजन किस प्रकार करेंगे?
   द) क्या विषयवस्तु स्थानीय ज्ञान को शामिल करती है? आप अपने शिक्षण क्रियाकलापों में स्थानीय ज्ञान को किस प्रकार शामिल करेंगे?

पाठ्यपुस्तक से उपयुक्त उदाहरणों/दृष्टांतों के द्वारा उपर्युक्त बिन्दुओं की चर्चा करते हुए एक रिपोर्ट लिखिए।

एम.ई.एस.–014 शिक्षा का सामाजिक सन्दर्भ

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. सामाजिक स्तरीकरण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। विभिन्न प्रकार के सामाजिक स्तरीकरण की व्याख्या कीजिए और समाज के मानदंडों और मूल्यों के संचरण में शिक्षा की भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

2. शिक्षक पाठ्यचर्या से किस प्रकार सम्बद्ध है? पाठ्यचर्या के नियोजन, विकास, संव्यवहार और मूल्यांकन में शिक्षक की भूमिका का वर्णन कीजिए।

3. सामाजिक विविधता की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। पहुँच, भागीदारी और प्राप्ति के शब्दों में शिक्षा पर सामाजिक विविधता के प्रभाव का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

एम.ई.एस.–015 : शिक्षा के कार्यकारी आयाम

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. अनौपचारिक शिक्षा की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। परिवार और समसमूह (पीयर ग्रुप) के विशेष संदर्भ में अनौपचारिक शिक्षा के अभिकरणों का वर्णन कीजिए।

2. सांस्थानिक प्रभाविता से आप क्या समझते हैं? एक संस्था की प्रभाविता का निर्धारण करने वाले सांस्थानिक मूल्यांकन के प्राचलों की व्याख्या कीजिए।

3. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। विद्यालय में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के लिए प्रयोग किये जा सकने वाले उपकरणों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

एम.ई.एस.–016 : शैक्षिक शोध

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. शिक्षा में सम्बन्ध अध्ययन और विकासात्मक अध्ययन में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. शैक्षिक शोध में परिकल्पना के अर्थ और महत्व की व्याख्या कीजिए। विभिन्न प्रकार की परिकल्पनाओं का वर्णन कीजिए। एक परिकल्पना का परीक्षण आप किस प्रकार कर सकते हैं?

3. शैक्षिक व्यवहार के किसी क्षेत्र से एक समस्या का चयन कीजिए जिसका अध्ययन करने में आप रूचि रखते हैं। शोध अध्ययन संचालित करने के लिए एक संक्षिप्त शोध प्रस्ताव तैयार कीजिए।

****